<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>भाविप्रा तथा एएसईटीईपी से निधि प्राप्त यू एस टी डी ए के हाई-टेक सिस्टम्स के मध्य कानूनी करार पर हस्ताक्षर</u>

नई दिल्ली - 28 अप्रैल, 2015 - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण और हाई-टेक सिस्टम के मध्य दिनांक 24 अप्रैल, 2015 को एक विमानन सुरक्षा उपकरण परीक्षण और मूल्यांकन कार्यक्रम कानूनी करार पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर श्री आर. के. श्रीवास्तव, आईएएस, अध्यक्ष, भाविप्रा तथा अमेरिका दूतावास के प्रतिनिधि व बी सी ए एस, ना.वि.मं., यू एस टी डी ए तथा भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।
इस परियोजना का मूल इस तथ्य में है कि ओ ई एम को अपने खरीददारों के साथ मशीनों की तकनीकी क्षमताएं बांटने की अनुमति नहीं है। इस परियोजना के माध्यम से हालांकि सोर्स कोड नहीं बांटा जाएगा किन्तु भारतीय पक्ष मशीनों की क्षमता जांचने तथा जोखिम के स्वीकार्य स्तर को मापने में सक्षम होगा।

यह कैपेसिटी बिल्डिंग इन्फौमेशन, जेनेरिक टेकनीकल स्पेसिफिकेशन तथा तकनीकों के मूल्यांकन पर भी लागू होगा। साथ ही, यह भाविप्रा को अपनी स्वयं की अनुसंधान व विकास सुविधा स्थापित करने में सक्षम बनाएगा।

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें
म.प्र.(ज.सं) 9810025069, 011-24622787
सं. 07/2015-16

सुश्री नीरा रावत, आईपीएस, निदेशक (सुरक्षा) तथा सुश्री कल्पना जैन, हाईटेक सिस्टम कानूनी करार पर हस्ताक्षर करते हुए। साथ में उपस्थित है श्री आर. के. श्रीवास्तव, आईएएस, अध्यक्ष,
श्री जी. के. चौकियाल, सदस्य (प्रचा.) भाविप्रा तथा बीसीएएस, ना.वि.के, यू एस टी डी ए व भाविप्रा के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण